वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-42 सागवाड़ा, बुधवार,6 अक्टूबर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

महिला मंच ने श्राद्ध पक्ष की अमावास पर गौ माता को गो ग्रास कराया

डूंगरपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय महिला मंच द्वारा प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश श्रीमाल व कुसुमलता दोषी के सानिध्य में मंच के पदाधिकारियों ने पित्रों के तर्पण के लिए श्राद्ध पक्ष पर भण्डारीया गौ शाला में गाय को ग्रास व गुड़ खिलाया। इस अवसर पर महिला मंच की अध्यक्ष माया सुथार ने सभी आगन्तुको का अभिनदंन किया। मंच की प्रदेश संगठन मंत्री ने श्राद्ध पक्ष पर सभी पित्रों को नमन करते हुए कहा कि हमे सदैव परोपकार के कार्य कर समाज सेवा करनी होगी।

नवरात्रि में लोगों को गरबा खेलने और त्यौहार में कोविड गाईड लाइन के अनुसार कार्यक्रमों को मनाने में छुट दिए जाने की मांग की

डूंगरपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर भाजपा नेताओं ने जिला परिषद सीईओ को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देते हुए नवरात्रि में लोगों को गरबा खेलने सहित दशहरा व दीपावली के त्यौहार में कोविड गाईड लाइन के अनुसार कार्यक्रमो को मनाने में छुट दिए जाने की मांग की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या ने बताया की वागड़ में नवरात्रि पर्व का बड़ा ही महत्व है नवरात्रि में रात्री में लोगो द्वारा गरबो के माध्यम से दैवीय शक्ति की अराधना करते है। ऐसे में उन्होंने जिला प्रशासन से नवरात्रि में लोगो को गरबो के आयोजन करने में छूट दिए जाने की मांग की है।

साबला में सर्राफा व्यापारी से पिस्तौल की नोंक पर आधा किलो से ज्यादा चांदी लूटकर ले गए

पालोदा मे भी ऐसी ही वारदात, में ज्वैलर्स की दुकान से 7 किलो चांदी लूटी

डूंगरपुर। डूंगरपुर जिले के साबला थाना क्षेत्र के साबला कस्बे में बुधवार को दिनदहाड़े एक ज्वैलरी शॉप में लूटपाट की वारदात हुई। बाइक पर आए तीन बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी से पिस्तौल की नोंक पर आधा किलो से ज्यादा चांदी लूटकर ले गए। लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

साबला कस्बे में स्थित पारस ज्वैलर्स के मालिक मोहनलाल भगोरिया ने बताया कि दोपहर के समय शॉप पर बैठे हुए थे। उसी समय एक

बाइक पर तीन बदमाश आये, जिसमें से एक नए तुरंत बाइक घुमा दी। बदमाश दुकान में आये और पिस्तौल दिखाकर ज्वैलरी मांगी।

बदमाश दुकान से आधा किलो से ज्यादा चांदी के जेवरात लुटे वही दुकानदार से मारपीट भी की और फरार हो गए। लूट की वारदात पलभर में पूरे क्षेत्र में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर साबला थाना पुलिस मौके पर पंहुची ओर घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने जिले के सभी मार्गो पर नाकाबंदी कर दी इर बदमाशो की तलाश शुरू कर दी।

वहीं पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले, जिसमें लूटेरे वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। इधर बांसवाड़ा जिले के पालोदा में भी ऐसी ही वारदात को अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार पालोदा में राजू पुत्र कान्तिभाई कोठारी की ज्वैलर्स की दुकान पर 3 बदमाश बन्दूक दिखाकर 7 किलो चांदी लूट ले गए ।

रीट पेपर लीक केस- याचिका पर हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव शिक्षा, डीजीपी और बोर्ड सचिव समेत 5 अफसरों को नोटिस भेजा

जयपुर।

रीट2021 में नकल और पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराने पर राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी, प्रारम्भिक शिक्षा के निदेशक, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के सचिव और एसओजी के एडीजी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। केस पर अगली सुनवाई 27 अक्टूबर 2021 को होगी।पेपर आउट और नकल के मामले में राजस्थान सरकार की ओर से निष्पक्ष जांच नहीं करने को लेकर लगी याचिका पर कोर्ट ने ये नोटिस जारी किए हैं।

साथ ही याचिका की कॉपी एएजी और बोर्ड के वकील को भी दिलवाई गई है। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस इंद्रजीत सिंह की कोर्ट ने मधु कुमारी नागर व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को ये नोटिस जारी किए हैं।

नवरात्रि कल से देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी

सागवाड़ा। हिंदू धर्म में नवरात्रि का त्योहार साल में 4 बार मनाया जाता है। लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्रि तो सबसे खास माना जाता है। इस साल शारदीय नवरात्रि 7 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे हैं। 9 दिनों तक चलने वाले इस त्योहार में भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे है कि इस दौरान किन-किन बातों का ख्याल रखना जरूरी होता है। ब्रम्हमुहूर्त में स्नान करके कलश स्थापना और देवी पूजन करे। साथ ही नौ देवियों को दिन के अनुसार ही भोग , पुष्प, मंत्र उच्चारण करें। जिले के प्रसिद्ध शक्ति पीठ आशापुरा धाम निठाउवा, आसपुर स्थित विजवामाता धाम, गलियाकोट स्थित शीतला माता मंदिर, नवलश्याम के चामुंडा माता मंदिर में तैयारियां पूरी करली गई है।

नवरात्रि 9 दिन की बजाय 8 दिन की होगी

इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय 8 दिन की होगी। तीज और चतुर्थी एक ही दिन पड़ेगी। इसके चलते देवी कुशमांडा के भक्तों को निराशा मिलेगी। भक्तजन इस नवरात्र में मां कुशमांडी की पूजा नहीं कर पाएंगे। ज्योतिष के हिसाब से ऐसा योग करीब 11 साल बाद बन रहा है। ज्योतिष के हिसाब से चतुर्थी का टूटना अशुभ संकेत है। ऐसे में प्राकृतिक प्रकोप और महामारी की आशंकाएं जन्म लेती हैं। पंडित भवानी खंडेलवाल ने बताया कि दिन टूटने से अनाज की कमी, महंगाई, खान दुर्घटना, सोने-चांदी की खरीदारी तेज होने, बाजार में तेजी, नए भवन ज्यादा बनेंगे, कपड़ा व्यापार के तेज होने जैसे संकेत मिलते हैं।

डीएसटी ने गलियाकोट में गुमटियों की आड़ में सट्टे की पर्चिया काटते 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया

डूंगरपुर। जिले में अवैध जुआ सट्टा के खिलाफ जिला स्पेशल पुलिस टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। डीएसटी ने चितरी थाना क्षेत्र के गलियाकोट बाजार में गुमटियों की आड़ में सट्टे की पर्चिया काटते 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से 14 हजार 50 रुपये कैश जब्त कर लिया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि चितरी थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से सट्टे की पर्चिया काटी जा रहा है। इस पर डीएसटी की टीम ने पुराना गलियाकोट बाजार में गुमटियों की आड़ में चल रहे जुआ सट्टा पर दबिश की कार्रवाई की। पुलिस की कार्रवाई होते ही सटोरियों में हड़कंप मच गया और भागने लगे, जिस पर पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। डीएसटी ने मौके से आंकड़ो पर जुआ सट्टा खेलते हुए पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। डीएसटी ने गलियाकोट निवासी शाहिद हुसैन पुत्र अहमद हुसैन के कब्जे से 5 हजार 700 रुपये, कमलेश पुत्र शांतिलाल भावसार से 5 हजार 650 रुपये, यूनुस पुत्र मोहम्मद खान से 850 रुपये, रफीक पुत्र फुलशाह से 1510 रुपये, इश्तियाक पुत्र नजीर खान से 340 रुपये सट्टे में दांव पर लगे हुए कैश जब्त किए है। इसके बाद डीएसटी ने पांचो आरोपियों के साथ बरामद कैश को चितरी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। मामले में चितरी पुलिस की ओर से जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए पांचो आरिपियो को गिरफ्तार कर लिया है।

वल्लभनगर विधानसभा उपचुनाव

भींडर और उनकी पत्नी कल निर्दलीय नामांकन भरेंगे, उदयलाल डांगी का भी नामांकन भरने का ऐलान

प्रताप सिंह खाचरियावास की बैठक से प्रीति शक्तावत को टिकट मिलने का इशारा

उदयपुर। वल्लभनगर विधानसभा उपचुनाव की 8 अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तारीख होने के चलते अब राजनीतिक पार्टियों से सिम्बॉल मिलने की लड़ाई तेज हो गई है। इसी के चलते अब जनता सेना के रणधीर सिंह भींडर गुरुवार यानी 7 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं खास बात यह है कि उनकी पत्नी दीपेंद्र कुंवर भी गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगी। दोनों फिलहाल जनता सेना के बैनर तले चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। दोनों सुबह 11 बजे नामांकन दाखिल करने जाएंगे। वहीं दूसरी ओर बीजेपी से टिकट का निर्णय होने से पहले ही भाजपा के प्रत्याशी उदयलाल डांगी ने नामांकन दाखिल करने का ऐलान कर दिया है। डांगी भी गुरुवार को दोपहर 12 बजे नामांकन भरेंगे। बता दें कि उदयलाल डांगी भाजपा से टिकट के दावेदार हैं। नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया वल्लभनगर से उदयलाल डांगी को टिकट देने पर अड़े हैं। मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावस ने भटेवर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चुनाव में एकजुट रहने को कहा। खास बात यह रही कि प्रताप सिंह खाचरियावास की इस बैठक में प्रीति शक्तावत मौजूद रही। जबकि कांग्रेस से दावेदारी कर रहा कोई भी दूसरा दावेदार इस बैठक में नहीं दिखा। बैठक में कोई अन्य दावेदार नहीं होने से यह लगभग स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस आलाकमान ने प्रीति शक्तावत को कांग्रेस से उम्मीदवार के रूप में उतारने का निर्णय ले लिया है। हालांकि अबतक औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। बता दें कि कांग्रेस से देवेंद्र सिंह शक्तावत, भीम सिंह चूंडावत, राज सिंह झाला और ओंकार लाल मेनारिया भी दावेदारी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री कोष से 14 लाख दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

डूंगरपुर। कलेक्टर आपदा प्रबंधन एवं सहायता सुरेश कुमार ओला ने आदेश जारी कर उपखण्ड क्षेत्र डूंगरपुर, सीमलवाड़ा, गलियाकोट, सागवाड़ा एवं आसपुर में अलग-अलग घटित आकस्मिक दुर्घटनाओं में मृतक के आश्रित परिजन एवं घायल को मुख्यमंत्री सहायता कोष से कुल 14 लाख दस हजार रूपयें की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जारी आदेश के अनुसार तहसील डूंगरपुर के अर्जुन पिता हिरालाल मनात निवासी देवल खास, सुरेश पिता, लालूराम कटारा निवासी ददोडिया, कमलेश पिता रमेशचन्द्र नाई निवासी सुथारवाड़ा, शांतिलाल पिता सोमा घोघरा निवासी पाल देवल, सुनील पिता बाबूलाल निवासी पाल देवल एवं मोगी पत्नी वेलजी पाटीदार, तहसील झौंथरी के लोकेश पिता हरीश खांट निवासी अन्नपुरा, सुश्री मनीषा पिता कमलाशंकर निवासी भीलवा पंचेला एवं रमेश पिता भगवान निवासी वीरावाड़ा, तहसील गलियाकोट के कचरी पिता सुखलाल निवासी घाटा का गांव, तहसील सागवाड़ा के पप्पु पिता नानूराम फेरा एवं तहसील आसपुर के चंदूलाल पिता धनराज मेहता निवासी गोल व शंकर पिता धुलिया मीणा निवासी करवा छप्पनिया के आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित परिजन को एक-एक लाख रूपये तथा तहसील डूंगरपुर के रामचंद पिता मन्नुलाल खटीक निवासी देवसोमनाथ के परिजन को पचास हजार रूपयें की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में तहसील डूंगरपुर के नीमा पिता रमेश नाई निवासी खेडा कच्छवासा, जयन्तिलाल पिता हरजी परमार निवासी पगारा एवं गिरवर सिंह पिता खुमाण सिंह चौहान निवासी ददोडिया के आकस्मिक दुर्घटना में घायल होने पर बीस-बीस हजार रूपयें की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

पिता ने बेटी से कहां तेरे भाई ने लात-घूसों से मारा,अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत

पिता की हत्या कर भागा बेटा पुलिस की हिरासत में

डूंगरपुर। शराब के नशे में एक कलयुगी बेटे ने अपने पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से बेटा मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उसकी सरगर्मियों से तलाश शुरू कर दी। शाम को उसे हिरासत में ले लिया गया जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बहन की रिपोर्ट पर हत्या का केस दर्ज किया है।

थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि मृतक की बेटी कंकु पत्नी देवाराम खराड़ी आज सुबह अपने मायके आई थी। पिता सुखलाल ननोमा (60) ने बताया कि उसका भाई रमेश ननोमा शराब के नशे में घर पर आया और उसके साथ लड़ाई-झगड़ा करने लगा। लात-घूसों से जमकर मारपीट की,जिससे वह अधमरा हो गया। मारपीट के बाद बेटा मौके से फरार हो गया। बेटी ने बताया कि पिता को अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई। बहन की रिपोर्ट पर भाई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी की तलाश की जा रही है। जिसके बाद हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

झपकी आने पर बाइक डिवाइडर से टकराई,एक युवक की मौत

इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप, इकलौते बेटे का शव देखकर बेसुध हुए माता-पिता

डूंगरपर। अहमदाबाद-उदयपुर नेशनल हाइवे 48 पर आज सुबह बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में भुवाली के पास चालक प्रतीक को नींद की झपकी आ गई। जिस कारण बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में प्रतीक सहित उसके पीछे बैठे योगेंद्र सिंह ओर कार्तिक गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार दोस्त घायलों को एम्बुलेंस से डूंगरपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान प्रतीक की मौत हो गई। उदयपुर जिले के 6 दोस्त 2 बाइक लेकर गुजरात घूमने निकले थे। अहमदाबाद लौटते समय आज सुबह हादसा हो गया। मृतक के दोस्तों ने इलाज में देरी का आरोप लगाकर अस्पताल में हंगामा कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मामला शांत करवाया। हादसे की सूचना पर डूंगरपुर अस्पताल पहुंचे माता-पिता इकलौते बेटे के शव को देखकर बेसुध हो गए। उदयपुर जिले के प्रतापनगर निवासी प्रतीक (19) पुत्र उदयलाल तेली,उसका दोस्त योगेन्द्र सिंह चौहान निवासी अंबामाता, कार्तिक सिंह निवासी बोहरा गणेशजी, एकांत सैनी निवासी पुराना आरटीओ, अंकित चौहान व अशोकदास 3 अक्टूबर को दो बाइक लेकर घूमने निकले थे। पहले गुजरात के अंबाजी धाम गए। अहमदाबाद, पावागढ़, नीलकंठ धाम, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी घूमने के बाद वापस उदयपुर लौट रहे थे।

अवैध विस्फोटक के साथ आरोपी गिरफ्तार, 50 जिलेटिन की छड़ें, 19 डेटोनेटर जब्त, अवैध खनन के लिए ले जा रहा था

डूंगरपुर। अवैध विस्फोटक के खिलाफ जिला स्पेशल पुलिस टीम ने एक बार फिर कार्रवाई की है। डीएसटी ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से अवैध विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है, जिसे अवैध खनन के लिए ले जा रहा था। डीएसटी प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध विस्फोटक सामग्री लेकर जा रहा है। इस पर डीएसटी हेड कॉन्स्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, यशपालसिंह व राजगोपाल की टीम मुखबिर के बताई जगह सदर थाना क्षेत्र के गड़ामोरैया गांव पंहुच गई। पुलिस ने देखा कि एक व्यक्ति सड़क के किनारें बैठा हुआ है, जिसके पास एक प्लास्टिक का कट्टा भी है। डीएसटी ने उसे घेरा डालकर पकड़ लिया और नाम, पता पूछा तो रामजी पुत्र नाथू पाटीदार निवासी फ्लोज बताया। प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी, जिसमे से 50 जिलेटिन की छडे, 19 डेटोनेटर बरामद किए है। आरोपी के पास विस्फोटक सामग्री को लेकर कोई दस्तावेज भी नहीं थे। इसके बाद डीएसटी ने अवैध विस्फोटक के साथ आरोपी रामजी पाटीदार को सदर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। आरोपी ने विस्फोटक सामग्री को खनन के लिए ले जाना बताया जाए। पुलिस ने मामले में विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

पार्षद ने विकलांग नंदिनी की जानकारी दी तो पालिका प्रशासन पहुंचा उसके घर

आधार कार्ड नही होने से पेंशन नही मिल रही

सागवाड़ा। जन्म से विकलांग नंदिनी चलफिर नही सकती है। हालात ऐसे है कि वह घर से भी बाहर नही नही निकल सकती। पार्षद वंदना शाह ने प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान 14 साल की नंदिनी की पीड़ा बताई तो पालिका प्रशासन नंदिनी के घर पहुंचा।

पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि नंदिनी पुत्री जगदीश दर्जी जन्म से दिव्यांग, चलने-फिरने में मुश्किलें है जिस कारण 14 साल की उम्र के बाद भी आधार कार्ड कार्ड नहीं बना और इसी वजह से सरकारी फायदों से भी वंचित है।। उपाध्यक्ष राजुमामा शेख के साथ कैंप में उपस्थित डॉक्टर साद हसन और पालिका की टीम नंदिनी के घर पहुंची और उसकी पीड़ा को समझा। इसकी जानकारी तहसीलदार मयूर शर्मा को भी दी गई। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि अब नगर पालिका प्रशासन आधार ऑपरेटर को लाभार्थी के वहां पर जल्द से जल्द भेज कर आधार कार्ड की कार्रवाई की जाएगी। जिससे उसे सरकारी सहायता दिलाई जा सके। पालिका प्रशासन की इस मानवीयता ओर सकारात्मक कदम को देख हर किसी ने प्रशंसा की।

नगर परिषद बांसवाड़ा के सफाई कर्मचारी टंकी पर चढ़े

बांसवाड़ा। नगर परिषद बांसवाड़ा के सफाई कर्मचारी बुधवार दोपहर को मंदारेश्वर रोड वाली पानी की टंकी पर चढ़ गए। प्रोबेशन अवधि समाप्त होने के बाद स्थायीकरण की मांग पूरी कराने के लिए कर्मचारियों ने यहां प्रदर्शन किया। टंकी पर ही परिषद और सरकार के विरोध में नारेबाजी भी की।

यह ड्रामा करीब एक घंटे तक चला। इस बीच सूचना पर बांसवाड़ा DSP गजेंद्र सिंह राव और परिषद आयुक्त प्रभुलाल भाभोर मौके पर पहुंचे। भाभौर को इस मामले की सूचना प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान मिली। खासी देर समझाइश के बाद ये कर्मचारी नीचे उतरने को राजी हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई।

कलेक्टर ने दो लाइनमैन को सस्पेंड और धम्बोला जेईएन के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए

चाडोली पंचायत में कलेक्टर ने पंचायत के एलडीसी यशवंत बंजारा को चार्जशीट देने व सस्पेंड करने को कहां

डूंगरपुर।

कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने आज सीमलवाडा क्षेत्र के चाडोली पंचायत में लगे प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने शिविर में मौजूद विभिन्न विभागों के कार्मिकों से शिविर की प्रगति की जानकारी ली वही ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों और पंचायत के एलडीसी द्वारा सुनवाई नहीं किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की। जिस पर कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने नाराजगी व्यक्त की वही विधुत निगम के दो

लाइनमैन को सस्पेंड करने के निर्देश दिए वही धम्बोला जेईएन के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। वही इसके अलावा कलेक्टर ने पंचायत के एलडीसी यशवंत बंजारा को चार्जशीट देने व सस्पेंड के लिए पत्रावली पुटअप करने के निर्देश जिला परिषद सीईओ को दिए। इधर कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रतनकलासुआ को भी चार्जशीट देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर को संबोधित करते हुए अधिकारियो व कार्मिकों को साफ़-साफ़ चेतावनी दी की वे प्रशासन गांवों व शहरो के संग अभियान में कोताही बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।